# एंडपॉइंट असेसमेंट पेपर: शिक्षक

प्रश्न: खाली स्थान भरें

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शिक्षकों को छात्रों को यह समझाने में मदद करनी चाहिए कि जब ट्रेनिंग डेटा अनुचित या अधूरा होता है, तब AI ___________ हो सकता है। | पिलर 3 |
| 2 | जब शिक्षक AI के बारे में पढ़ाते हैं, तो उन्हें छात्रों की जानकारी की सुरक्षा के लिए डेटा ___________ के महत्व पर ज़ोर देना चाहिए। | पिलर 3 |
| 3 | एक ___________ वह निर्देश (इंस्ट्रक्शन) या सवाल होता है जो हम AI टूल्स को उपयोगी जवाब पाने के लिए देते हैं। | पिलर 4 |
| 4 | शिक्षकों को छात्रों को गाइड करना चाहिए कि वे असाइनमेंट में इस्तेमाल करने से पहले हमेशा AI टूल्स द्वारा दी गई जानकारी को ___________ करें। | पिलर 4 |
| 5 | जब AI गलती करता है, तो शिक्षकों को समझाना चाहिए कि ___________ AI के फैसलों के लिए ज़िम्मेदार होते हैं, न कि केवल टेक्नोलॉजी। | पिलर 3 |

प्रश्न: बहुविकल्पीय प्रश्न **(MCQ)**

| | | |
|---|---|---|
| 6 | शिक्षकों को छात्रों को **AI** के फ़ायदों के बारे में कैसे बताना चाहिए**?**<br>a) AI समाज की सभी समस्याएं हल कर देगा<br>b) AI स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे क्षेत्रों में मदद कर सकता है, लेकिन इसकी कुछ सीमाएँ हैं<br>c) AI का समाज के लिए कोई असली फायदा नहीं है<br>d) केवल शहरी स्कूल ही AI से लाभ उठा सकते हैं | पिलर 3 |
| 7 | शिक्षक छात्रों को स्कूल के कामों में **AI** इस्तेमाल के बारे में क्या बताएं**?**<br>a) जो भी AI देता है, उसे बिना चेक किए कॉपी कर लें<br>b) कभी भी किसी भी सीखने के उद्देश्य से AI का इस्तेमाल न करें<br>c) AI को एक हेल्पर की तरह इस्तेमाल करें लेकिन जानकारी को हमेशा चेक करें<br>d) AI का इस्तेमाल सिर्फ मनोरंजन के लिए करें | पिलर 4 |
| 8 | एक शिक्षक के रूप में आपको छात्रों को **AI** से जुड़े खतरों के बारे में कैसे समझाने चाहिए**?**<br>a) AI पूरी तरह से सुरक्षित है और इसका कोई खतरा नहीं है<br>b) AI गलतियाँ कर सकता है और कुछ नौकरियों पर असर डाल सकता है<br>c) AI दुनिया को खत्म कर देगा<br>d) छात्रों को AI इस्तेमाल करने से डरना चाहिए | पिलर 3 |
| 9 | जब शिक्षक छात्रों को **AI** के लिए प्रॉम्प्ट लिखना सिखाते हैं**,** तो उन्हें किस बात पर ज़ोर देना चाहिए**?**<br>a) मुश्किल भाषा का इस्तेमाल करें<br>b) बहुत लंबे निर्देश लिखें<br>c) साफ़ और स्पष्ट रहें और कॉन्टेक्स्ट को शामिल करें<br>d) एक ही समय में बहुत सारे सवाल पूछें | पिलर 4 |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | शिक्षक अपने प्रोफेशनल डेवलपमेंट में **AI** टूल्स का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं**?**<br>a) अपने सभी टीचिंग तरीकों को AI से रिप्लेस करके<br>b) लेसन प्लान बनाने और काम को ऑर्गनाइज़ करने में मदद के लिए<br>c) प्रोफेशनल काम में AI से पूरी तरह बचकर<br>d) सिर्फ पर्सनल मनोरंजन के लिए | पिलर 4 |
| 11 | इनमें से कौन**-**सा प्रॉम्प्ट लेसन प्लान बनाने में मदद लेने के लिए प्रभावी रहेगा**?**<br>a) “मुझे एक लेसन प्लान बनाकर दो”<br>b) “क्लास 7 के छात्रों के लिए 45 मिनट का हिंदी लेसन प्लान बनाएं, जिसमें कुछ गतिविधियां और उदाहरण शामिल हों”<br>c) “मुझे पढ़ाने के लिए कुछ दो”<br>d) “मुझे व्याकरण के बारे में सब कुछ सिखाने में मदद करो” | पिलर 4 |
| 12 | शिक्षक अपने टीचिंग को और प्रभावी बनाने के लिए **AI** टूल्स का कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं**?**<br>a) सभी क्लासेस AI से पढ़वाकर<br>b) लेसन प्लान और प्रैक्टिस प्रश्न तैयार करने के लिए<br>c) सभी किताबों को केवल AI जेनरेटेड कॉन्टेन्ट से बदलकर<br>d) बिना चेक किए AI से छात्रों को मार्क्स देकर | पिलर 4 |
| 13 | इनमें से कौन सा प्रशासनिक काम **AI** की मदद से प्रभावी रूप से किया जा सकता है**?**<br>a) बिना छात्रों का काम देखे ग्रेड तय करना<br>b) अभिभावकों के लिए पत्र लिखना और स्कूल कार्यक्रमों के लिए नोटिस बनाना<br>c) सभी स्कूल पॉलिसी से जुड़े निर्णय लेना<br>d) अन्य शिक्षकों को नौकरी देना | पिलर 4 |
| 14 | जब छात्र कक्षा में **AI** का इस्तेमाल करते हैं**,** तो शिक्षक की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका क्या होती है**?**<br>a) छात्रों को किसी भी AI टूल का इस्तेमाल करने से रोकना<br>b) छात्रों को बिना किसी मार्गदर्शन के AI का इस्तेमाल करने देना<br>c) छात्रों को ज़िम्मेदारी से AI इस्तेमाल करने और उससे मिली जानकारी को चेक करने में गाइड करना<br>d) सभी पढ़ाने के काम AI से करवाना | पिलर 4 |
| 15 | जब शिक्षक स्कूल के कामों में मदद के लिए **AI** के लिए प्रॉम्प्ट लिखते हैं**,** तो उन्हें क्या करना चाहिए**?**<br>a) बहुत मुश्किल और तकनीकी भाषा का उपयोग करना<br>b) एक ही लंबे प्रॉम्प्ट में सब कुछ पूछना<br>c) स्पष्ट, साफ़ और ज़रूरी कॉन्टेक्स्ट शामिल करना<br>d) इंटरनेट से बिना बदले प्रॉम्प्ट को कॉपी करना | पिलर 4 |

प्रश्न**:** सही या ग़लत

| | | |
|---|---|---|
| 16 | शिक्षक AI को एक मददगार टूल के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन इंसानी टीचिंग और गाइडेंस ज़रूरी रहती है। | पिलर 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 17 | शिक्षकों को छात्रों को सिखाना चाहिए कि AI टूल्स इस्तेमाल करते समय पर्सनल डेटा की सुरक्षा ज़रूरी है। | पिलर 3 |
| 18 | AI द्वारा जनरेट की गई सारी जानकारी पूरी तरह से सही होती है और शिक्षकों को उसे चेक करने की ज़रूरत नहीं होती। | पिलर 4 |
| 19 | शिक्षकों को छात्रों को प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे AI को क्रिएटिव रूप से इस्तेमाल करें और उसकी सीमाएँ समझें। | पिलर 4 |
| 20 | AI सिस्टम्स हमेशा निष्पक्ष (फेयर) और बिना बायस के फैसले लेते हैं। | पिलर 3 |

उत्तर कुंजी:

1. बायस
2. प्राइवेसी
3. प्रॉम्प्ट
4. चेक
5. इंसान
6. b) AI स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे क्षेत्रों में मदद कर सकता है, लेकिन इसकी कुछ सीमाएँ हैं
7. c) AI को एक हेल्पर की तरह इस्तेमाल करें लेकिन जानकारी को हमेशा चेक करें
8. b) AI गलतियाँ कर सकता है और कुछ नौकरियों पर असर डाल सकता है
9. c) साफ़ और स्पष्ट रहें और कॉन्टेक्स्ट को शामिल करें
10. b) लेसन प्लान बनाने और काम को ऑर्गनाइज़ करने में मदद के लिए
11. b) “क्लास 7 के छात्रों के लिए 45 मिनट का हिंदी लेसन प्लान बनाएं, जिसमें कुछ गतिविधियां और उदाहरण शामिल हों”
12. b) लेसन प्लान और प्रैक्टिस प्रश्न तैयार करने के लिए
13. b) अभिभावकों के लिए पत्र लिखना और स्कूल कार्यक्रमों के लिए नोटिस बनाना
14. c) छात्रों को ज़िम्मेदारी से AI इस्तेमाल करने और उससे मिली जानकारी को चेक करने में गाइड करना
15. c) स्पष्ट, साफ़ और ज़रूरी कॉन्टेक्स्ट शामिल करना
16. सही
17. सही
18. ग़लत
19. सही
20. ग़लत